Zambia

1. Supply of 100 railway wagons in SKD condition lor assembly in Zambia.

Zimbabwe

1. Supply of 1400 tarpaulins for Zambabwe Railways.
2. Support for a projected Referectory Bricks plant.
3. Supply of medium heavy transport vehicles.

ANC

1. Supply of Articles of daily use worth Rs, 15 million.

SWAPO

1. Supply of tru As, ambulances an! articles of daily use worth Rs. i5 million.

राजभाषा अधिनियम के उपबंधों का कार्यान्वयन

348. **श्री राम चन्द्र विकल :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह पता लगाने के लिये कभी कोई प्रयास किया गया है कि विदेश मंत्रालय में राजभाषा अधिनियम के उपबंधों और हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के वार्षिक कार्यक्रम का शत प्रतिशत कार्यान्वयन अभी तक क्यों नहीं किया गया है ;

(ख) राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष और सदस्यों तथा हिन्दी अनुभाग की फाइलों को छोड़कर ऐसी फाइलों की संख्या कितनी है जिनमें राजभाषा में, अर्थात् हिन्दी में काम किया जा रहा है ;

(ग) विदेश मंत्रालय के अधीन सरकारी क्षेत्र के कितने उपक्रम काम कर रहे है और प्रत्येक उपक्रम में राजभाषा से संबंधित कार्य के बारे में क्या स्थिति है ; और

(घ) मंत्रालय में हिन्दी अंग्रेजी और द्विभाषी कम्प्यूटरों, टेलेक्सों, टेलीप्रिंटरों आदि की संख्या कितनी है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : (क) हिन्दी सलाहकार समिति और राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में राजभाषा अधिनियम और हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिये वार्षिक कार्यक्रम के प्रावधानों के क्रियान्वय में हुई प्रगति की निरन्तर समीक्षा की जाती है। मंत्रालय में हिन्दी के सघनतर प्रयोग में सलाह देने के लिये हिन्दी सलाहकार समिति की एक उप समिति बनाई गई है। इसके अलावा मंत्रालय के विभिन्न अनुभागों का आवधिक रूप से निरीक्षण किया जाता है और राजभाषा की अधिनियम तथा नियमों के प्रावधानों के क्रियान्वयन में हुई प्रगति का जायजा लिया जाता है।

(ख) मंत्रालय की फाइलें तो अभी भी अंग्रेजी में ही है किन्तु बड़ी संख्या में फाइलों में पत्राचार तथा टिप्पण हिन्दी में की जाती हैं।

(ग) लागू नहीं होता।

(घ) मंत्रालय में 30 टेलीप्रिन्टर 8 टेलेक्स तथा 6 पीसी और वर्ड प्रोसेसर है जो केवल अंग्रेजी में ही है। तथापि, हिन्दी टाइपराइटरों का व्यापक प्रयोग किया जाता है।

हिन्दी भाषा का प्रसार

349. **श्री राम चन्द्र विकल :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि "क" और "ख" क्षेत्रों में राजभाषा अधिनियम की पूर्णत: अवहेलना करते हुए रोमन लिपि